दिव्य हिमाचल

देवभूमि का अग्रणी समाचारपत्र

महोदय,

तिब्बती मसले पर हम निम्नलिखित संवेदनाएं लेकर एक हस्ताक्षर अभियान शुरू कर रहे हैं। निवेदन है कि इस मुहिम के पुरोधा बनकर आप ऐसा रास्ता प्रशस्त कर सकते हैं, ताकि तिब्बत का मानवतावादी समाधान संभव हो सके। यदि आप संदेश से सहमत हैं, तो तय जगह पर हस्ताक्षर करके लौटा दें। धन्यवाद।

तिब्बत के प्रश्न पर विश्व भर में एक नया जनमत जागृत हुआ है। तिब्बत की समस्या केवल राजनीतिक नहीं, एक मानवीय समस्या है। तिब्बत विश्व का एक पुराना ऐतिहासिक धार्मिक और शांतिप्रिय देश रहा है। महामना दलाईलामा जी आज विश्व भर में सबसे अधिक सम्मान प्राप्त धार्मिक नेता हैं। महामना दलाईलामा जी ने बड़ी सूझबूझ से शांति का मध्य मार्ग चुना है और बार-बार यह कह रहे हैं कि वह तिब्बत की स्वतंत्रता की मांग नहीं कर रहे हैं, वह तिब्बत को स्वायत्तता और मुख्य रूप से धार्मिक स्वायत्तता चाहते हैं। विश्व भर में उनकी इस बात को समर्थन प्राप्त हुआ है।

चीन को तिब्बत के प्रति अपना दृष्टिकोण बदलना चाहिए महामना दलाईलामा जी से बातचीत करनी चाहिए और उन्हें तिब्बत को स्वायत्तता देने की बात करनी चाहिए। इससे तिब्बत का तनाव समाप्त होगा। महामना दलाईलामा जी और तिब्बत के निर्वासित लोगों को न्याय प्राप्त होगा।

मैं यह समझता हूं कि चीन के लिए भी यह एक स्वर्णिम अवसर है। वह महामना दलाईलामा जी से बात करके और उन्हें सम्मानपूर्वक तिब्बत में ले जाकर चीन विश्व भर में एक नया सम्मान प्राप्त कर सकता है। आज इस प्रश्न पर चीन अकेला पड़ रहा है। विश्व जनमत महामना दलाईलामा जी के साथ है। उनके प्रति चीन का व्यवहार पूरी दुनिया को अखरता है।

हस्ताक्षर

पूरा नाम

पद/पता

Divya Himachal Prakashan Pvt. Ltd.

Regd. HO: Kangra-Pathankot Marg, Old Mataur, Kangra, HP 176 001, Phone: (01892) **264713**, 264613, 264622 Fax: 264700
Email: dshala@divyahimachal.com

Chandigarh: 334 Industrial Area, Phase 1, Panchkula, HR 134109, Phone: (0172) 2584410-11 Fax: 2584133
Email: chd@divyahimachal.com

Shimla: All Manjeel Franklin Estate, Lower Jakhu, Shimla-1, HP 171001, Phone: (0177) 2804505, 2658028 Fax: 2806667
Email : shimla@divyahimachal.com

Delhi: 202, Ideal House, IInd Floor, 69, Nehru Place, New Delhi-110019, Phone: (011) 26285556 Fax: 26285557
Email : delhi@divyahimachal.com